नीदरलैंड बना भारत का तीसरा सबसे बड़ा निर्यात गंतव्य

[स्रोत: द हिंदू](#)

वर्ष 2023-24 में **अमेरिका** और **संयुक्त अरब अमीरात** के बाद नीदरलैंड विश्व में भारत का **तीसरा सबसे बड़ा निर्यात गंतव्य** बन गया है।

- यह जर्मनी, स्विट्ज़रलैंड, यू.के. और बेल्जियम के बाद **यूरोप में भारत के शीर्ष व्यापारिक साझेदारों** में से एक है।
- भारत द्वारा नीदरलैंड को किया जाने वाला **निर्यात** लगभग **3.5% बढ़कर वर्ष 2023-24 में 22.36 बिलियन अमरीकी डॉलर** तक पहुँच गया, जो वर्ष 2022-23 में 21.61 बिलियन अमरीकी डॉलर था।
    - वर्ष 2022-23 में भारत के कुल व्यापार में नीदरलैंड का योगदान **2.36%** रहा।
- नीदरलैंड **भारत में एक प्रमुख निवेशक** भी है।
    - भारत को नीदरलैंड से लगभग 5 बिलियन अमेरिकी डॉलर का [प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI)](#) प्राप्त हुआ, जो वर्ष 2022-23 में 2.6 बिलियन अमेरिकी डॉलर था।
- **नीदरलैंड के बारे में:**
    - **सीमावर्ती देश:** उत्तर और पश्चिम में उत्तरी सागर, पूर्व में जर्मनी तथा दक्षिण में बेल्जियम।
    - **राजधानी:** एम्स्टर्डम (आधिकारिक), द हेग (सरकार की सीट)।
    - **सरकार का स्वरूप:** संसदीय प्रणाली के साथ संवैधानिक राजतंत्र।
    - **प्रमुख नदियाँ:** राइन, म्यूज़ और शेल्ड्ट।

//


और पढ़ें: [भारत और नीदरलैंड संबंध](#)

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/netherlands-becomes-india-s-3rd-largest-export-destination